भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 787

दिनांक 10.02.2025 को उत्तर देने के लिए

एम्पॉवर बिज़ - सपनों की उड़ान योजना

787. **श्री नीरज डांगी**:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार 'एम्पॉवर बिज़-सपनों की उड़ान' योजना के माध्यम से महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत किन राज्यों को शामिल करने का लक्ष्य है; और

(ग) संगठित खुदरा क्षेत्र में महिला उद्यमियों को कौशल प्रदान करने और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए क्या उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): वर्ष 2018 में, नीति आयोग ने भारत में महिला उद्यमियों के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य से एक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप में महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) का शुभारंभ किया था। वर्ष 2022 में, डब्ल्यूईपी एक सार्वजनिक निजी भागीदारी में परिवर्तित कर दिया गया, जो सूचना विषमता को दूर करके और विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर समर्थन प्रदान करके महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। एक सार्वजनिक निजी भागीदारी पहल के रूप में, यह सरकार के मंत्रालयों/विभागों और अन्य उद्योग हितधारकों के साथ सहयोग करने का प्रयास करता है। न्यू शॉप ने डब्ल्यूईपी के अवार्ड टू

रिवार्ड (एटीआर) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, एम्पॉवर बिज़ - सपनों की उड़ान लॉन्च किया। इस एटीआर कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक कौशल प्रदान करना और विशिष्ट क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत करके उनकी उद्यमशील यात्रा में सहयोग करना है। एम्पॉवर बिज़ - सपनों की उड़ान का उद्देश्य महिला उद्यमियों को खुदरा प्रबंधन, डिजिटल उपकरणों, वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय विकास को सम्मिलित करते हुए मेंटरशिप और व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करके संगठित खुदरा क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से समर्थ करके उन्हें सशक्त बनाना है। एम्पॉवर बिज़ - सपनों की उड़ान के एंकर पार्टनर के रूप में न्यू शॉप ने खुदरा क्षेत्र में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम तैयार किया है और यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात के 50 प्रतिभागियों को व्यापक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अन्य सहायता प्रदान करेगा। डब्ल्यूईपी एंकर पार्टनर द्वारा चिन्हित किसी भी अन्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए अन्य भागीदार संगठनों को शामिल करके इस कार्यक्रम का समर्थन करेगा।

*****